## भाग – I
## Part – I
## ( सामान्य अंकगणित )
## ( General Arithmetic )

**1.** भाजक ज्ञात करें, दिया है भाज्य 2200 है, शेषफल 13 है एवं भाज्य, भागफल का एक तिहाई है ।

(A) 24 (B) 27 (C) 25 (D) इनमें से कोई नहीं

Find the divisor, given that the dividend is 2200, remainder is 13 and the divisor is one-third of the quotient.

(A) 24 (B) 27 (C) 25 (D) None of these

**2.** यदि P, Q, R पूर्ण संख्यायें हों एवं P : Q : R = 2 : 3 : 4 एवं $P^2 + Q^2 + R^2 = 11600$, तो P + Q – R =

If P, Q, R be whole numbers and P : Q : R = 2 : 3 : 4 and $P^2 + Q^2 + R^2 = 11600$, then P + Q – R =

(A) 20 (B) 15 (C) 16 (D) 18

**3.** यदि एक 170 मीटर लंबी रेलगाड़ी एक निश्चित गति से चलते हुए एक 180 मीटर लम्बी खडी हुई रेलगाड़ी को 15 सेकण्ड में पार कर जाती है, तो रेलगाड़ी की गति __________ है ।

(A) $27\frac{1}{3}$ मी./से. (B) $13\frac{1}{3}$ मी./से. (C) $25\frac{1}{3}$ मी./से. (D) $23\frac{1}{3}$ मी./से.

If the time taken by a 170 m long train travelling at a certain speed to cross a 180 m long stationary train is 15 s, then the speed of the train is

(A) $27\frac{1}{3}$ m/s (B) $13\frac{1}{3}$ m/s (C) $25\frac{1}{3}$ m/s (D) $23\frac{1}{3}$ m/s

**4.** यदि x कोई एक प्राकृतिक संख्या हो, तो $x^3 - \frac{1}{x^3}$ सर्वदा ________ के बड़ा या बराबर होगा ।

If x is any natural number, then $x^3 - \frac{1}{x^3}$ will always be greater than or equal to

(A) $3\left(x - \frac{1}{x}\right)$ (B) $3\left(x + \frac{1}{x}\right)$ (C) $x + \frac{1}{x}$ (D) $x^3 + \frac{1}{x^3}$

**5.** यदि लाभ 10% हो, तो अनुपात x जिससे C. P. को गुणा करने पर S. P. प्राप्त हो, तो x ________ होगा ।

The ratio x by which the C. P. has to be multiplied to set the S. P., if the profit is 10%, then x =

(A) $\left(\frac{11}{10}\right)^2$ (B) $\frac{11}{10}$ (C) $\frac{10}{11}$ (D) $\frac{9}{10}$

6. दो पेंसिलों एवं तीन रबरों की कीमत ₹ 18 है, जबकि एक पेंसिल एवं दो रबरों की कीमत ₹ 11 है । प्रत्येक पेंसिल का मूल्य __________ होगा ।

The cost of two pencils and three erasers is ₹ 18 whereas the cost of one pencil and two erasers is ₹ 11. The cost of each pencil is

(A) ₹ 8 (B) ₹ 4 (C) ₹ 3 (D) ₹ 6

7. यदि $a=\sqrt{11}+\sqrt{3}$, $b=\sqrt{12}+\sqrt{2}$ एवं $c=\sqrt{6}+\sqrt{4}$ हो, तो

If $a=\sqrt{11}+\sqrt{3}$, $b=\sqrt{12}+\sqrt{2}$ and $c=\sqrt{6}+\sqrt{4}$, then

(A) $b>a>c$ (B) $c>a>b$ (C) $a>b>c$ (D) $a>c>b$

8. एक व्यक्ति, एक निश्चित दूरी तय करने में लिए गए समय में 5 मिनट बचा लेता है, जब वह अपनी गति को 20% बढ़ा दे । अपनी वास्तविक गति में दूरी तय करने में लिया गया समय __________ है ।

(A) 50 मिनट (B) 25 मिनट (C) 30 मिनट (D) 45 मिनट

A person save 5 min. in covering a certain distance by increasing his speed by 20%. The time taken to cover the distance at his usual speed is

(A) 50 min. (B) 25 min. (C) 30 min. (D) 45 min.

9. यदि n एक प्राकृतिक संख्या हो, तो $9^{2n}-4^{2n}$ पूर्णत: __________ द्वारा विभाजित होगा ।

(A) 5 (B) 13

(C) दोनों (A) और (B) (D) न तो (A) एवं न ही (B)

If n is a natural number, then $9^{2n}-4^{2n}$ is always divisible by

(A) 5 (B) 13

(C) Both (A) and (B) (D) Neither (A) nor (B)

10. X ने 5 पेंसिलें ₹ 24 में खरीदी एवं उनमें से 4 पेंसिलें ₹ 20 की दर से बेचा । उसकी लाभ या हानि प्रतिशत __________ है ।

(A) हानि $8\frac{1}{3}\%$ (B) लाभ $4\frac{1}{6}\%$ (C) लाभ $8\frac{1}{3}\%$ (D) हानि $4\frac{1}{6}\%$

X bought 5 pencils at ₹ 24 and sold 4 of them at ₹ 20. His profit or loss percentage is

(A) Loss $8\frac{1}{3}\%$ (B) Profit $4\frac{1}{6}\%$ (C) Profit $8\frac{1}{3}\%$ (D) Loss $4\frac{1}{6}\%$

11. $\frac{1}{\sqrt{9}+\sqrt{11}}+\frac{1}{\sqrt{11}+\sqrt{13}}+...+\frac{1}{\sqrt{2023}+\sqrt{2025}}=$

(A) 35 (B) 0 (C) 20 (D) 21

12. यदि x, y से 50% ज्यादा है, तो y, x से __________ % कम है ।

If x is 50% more than y, then y is less than x by __________ %.

(A) $66\frac{2}{3}$ (B) $33\frac{1}{3}$ (C) 25 (D) 50

13. $(\sqrt{1375}+\sqrt{1125})(\sqrt{1125}-\sqrt{1375})$ एक __________ संख्या है ।

(A) रूढ़/अभाज्य (B) अपरिमेय (C) परिमेय (D) इनमें से कोई नहीं

$(\sqrt{1375}+\sqrt{1125})(\sqrt{1125}-\sqrt{1375})$ is a __________ number.

(A) Prime (B) Irrational (C) Rational (D) None of these

14. एक 900 मीटर की रेस में, 'A', 'B' को 270 मी. से एवं 'C' को 340 मी. से पराजित करता है । रेस में 'B', 'C' को __________ मीटर से पराजित करता है ।

In a 900 m race, 'A' beats 'B' by 270 m and 'C' by 340 m. 'B' beats 'C' by __________ m in the race.

(A) 140 (B) 70 (C) 200 (D) 100

15. X एक वस्तु का अंकित मूल्य C. P. के 60% ऊपर रखता है । दो क्रमागत छूटों प्रत्येक 10% के बाद वह इसे लाभ के साथ बेचता है । लाभ प्रतिशत __________ है ।

X marked an article at 60% above its C. P. He sold it at profit after 2 successive discounts of 10% each. The profit percentage is

(A) 29.6% (B) 40% (C) 35.5% (D) 20%

16. $\frac{1}{4}$ एवं $\frac{2}{5}$ का ल. स. __________ है ।

The L.C.M. of $\frac{1}{4}$ and $\frac{2}{5}$ is

(A) $\frac{1}{20}$ (B) 1 (C) $\frac{1}{10}$ (D) 2

17. एक कक्षा में लड़कों एवं लड़कियों की संख्या का अनुपात 11 : 9 है । 30% लड़के एवं 20% लड़कियाँ एक परीक्षा पास करते हैं । कक्षा में पास करने वाले विद्यार्थियों की संख्या _______ प्रतिशत है ।

In a class, the ratio of the number of boys to that of girls is 11 : 9, 30% of the boys and 20% of the girls have passed an examination. The percentage of passed students of the class is

(A) 25.5 (B) 23.5 (C) 24.5 (D) 28.5

18. दो असहभाज्य संख्याओं x एवं y का ल. स. __________ है ।

LCM of two co-primes x and y is

(A) $\frac{x}{y}$ (B) $x + y$ (C) $x - y$ (D) $xy$

19. स्थिर जल में एक नाव की गति 9 कि.मी./घंटा है एवं धारा की गति 6 कि.मी./घंटा है । यदि नाव को आने-जाने में 6 घंटे लगते है, तो धारा की दिशा में, नाव को दूरी तय करने में लगा समय __________ होगा ।

(A) $1\frac{1}{2}$ घंटे (B) $2\frac{1}{4}$ घंटे (C) 1 घंटा (D) $1\frac{3}{4}$ घंटे

The speed of a boat in still water is 9 km/hr and the speed of the stream is 6 km/hr. If the boat covers a round trip journey in 6 hrs, then the time taken by the boat to complete the downstream journey is

(A) $1\frac{1}{2}$ hrs. (B) $2\frac{1}{4}$ hrs. (C) 1 hr. (D) $1\frac{3}{4}$ hrs.

20. यदि a, b, c एवं d चार धनात्मक वास्तविक संख्यायें इस प्रकार है कि a, b एवं c का योग एक सम संख्या हो एवं b, c एवं d का योग एक विषम संख्या हो, तो $a^2 - d^2$ अनिवार्यत: ________ होगा ।

(A) अभाज्य (B) सम (C) विषम (D) इनमें से कोई नहीं

If a, b, c and d are four positive real numbers such that sum of a, b and c is even and the sum of b, c and d is odd, then $a^2 - d^2$ is necessarily

(A) Prime (B) Even (C) Odd (D) None of these

21. P और Q की आयों का अनुपात 5 : 4 है । उनके व्ययों का अनुपात 4 : 3 है । P की बचत Q की बचत से $16\frac{2}{3}$% ज्यादा है । P द्वारा अपनी आय का खर्चा _____ % है ।

The ratio of the incomes of P and Q is 5 : 4. The ratio of their expenditures is 4 : 3. The savings of P is more than that of Q by $16\frac{2}{3}$%. The percentage of his income spent by P is _____ %.

(A) $51\frac{2}{3}$ (B) $52\frac{2}{3}$ (C) $53\frac{1}{3}$ (D) $54\frac{1}{3}$

22. एक निश्चित राशि 6 वर्षों में साधारण ब्याज दर पर तिगुनी हो जाती है । नौ गुनी होने के लिए वर्षों की संख्या ________ होगी ।

A certain sum becomes 3 times itself in 6 years at a simple interest. The number of years in which it becomes 9 times itself is

(A) 22 (B) 18 (C) 20 (D) 24

23. असमिका $\frac{x+2}{x+3} > 1$ के धनात्मक पूर्णांक हलों की संख्या __________ होगी ।

(A) अनन्त (B) 4 (C) 3 (D) 0

The number of positive integral solutions of the inequation $\frac{x+2}{x+3} > 1$ is

(A) Infinite (B) 4 (C) 3 (D) 0

24. यदि दो संख्याओं a एवं b का म. स. 4 एवं ल. स. 400 हो, तो a और b के संख्या युग्मों की संख्या __________ होगी ।

The GCD of two numbers a and b is 4 and their LCM is 400. The number of pairs of a and b are

(A) 4 (B) 1 (C) 2 (D) 3

25. यदि 5 वर्ष पूर्व P और Q की आयुओं (वर्षों में) का अनुपात 5 : 7 हो, तो वर्तमान से 5 वर्षों के बाद उनकी आयुओं का योग __________ वर्ष होगा ।

If the ratio of the ages (in years) of P and Q, 5 years ago was 5 : 7, then the sum of their ages 5 years from now is __________ years.

(A) 87 (B) 90 (C) 98 (D) 92

26. यदि $a = \sqrt[8]{6} - \sqrt[8]{5}$, $b = \sqrt[8]{6} + \sqrt[8]{5}$, $c = \sqrt[6]{6} + \sqrt[6]{5}$, $d = \sqrt[4]{6} + \sqrt[4]{5}$ एवं $e = \sqrt{6} + \sqrt{5}$ हो, तो निम्न में कौन-सी परिमेय संख्या है ?

If $a = \sqrt[8]{6} - \sqrt[8]{5}$, $b = \sqrt[8]{6} + \sqrt[8]{5}$, $c = \sqrt[6]{6} + \sqrt[6]{5}$, $d = \sqrt[4]{6} + \sqrt[4]{5}$ and $e = \sqrt{6} + \sqrt{5}$, then which of the following is a rational number ?

(A) c d (B) a b c d e (C) a b d e (D) a b

27. एक निश्चित राशि 4 वर्षों में चक्रवृद्धि ब्याज दर पर तिगुनी हो जाती है । 27 गुनी होने के लिए वर्षों की संख्या __________ होगी ।

A certain sum becomes 3 times itself in 4 years at compound interest. The number of years in which it becomes 27 times itself is

(A) 21 (B) 15 (C) 12 (D) 36

28. यदि p एवं q पूर्ण वर्ग संख्यायें हों, तो $\sqrt{\frac{p}{q}}$ सर्वदा एक परिमेय संख्या होगी । क्या यह कथन सत्य है ?

(A) कुछ भी नहीं कह सकते (B) नहीं

(C) हाँ (D) इनमें से कोई नहीं

If p and q are perfect squares, then $\sqrt{\frac{p}{q}}$ is always a rational number. Is the statement true ?

(A) Cannot be said (B) No

(C) Yes (D) None of these

29. यदि $\frac{P_x}{b-c} = \frac{Q_y}{c-a} = \frac{R_z}{a-b}$, तो $a_xP + b_yQ + c_zR =$

If $\frac{P_x}{b-c} = \frac{Q_y}{c-a} = \frac{R_z}{a-b}$, then $a_xP + b_yQ + c_zR =$

(A) 0 (B) $P + Q + R$ (C) $x + y + z$ (D) $a + b + c$

30. एक मोटर कार के मूल्य में, प्रति वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में 10% का ह्रास होता है । यदि एक व्यक्ति अपनी मोटर कार को 10% लाभ के साथ ₹ 3,20,760 में बेचता है, तो तीन वर्षों पूर्व मोटर कार का मूल्य __________ था ।

The cost of a car depreciates 10% every year over the previous year. If a person sells his car at a profit of 10% at ₹ 3,20,760, then the price of the car 3 years ago was

(A) ₹ 5,00,000 (B) ₹ 4,00,000 (C) ₹ 4,50,000 (D) ₹ 4,25,000

## भाग – II
## Part – II
### ( सामान्य ज्ञान )
### ( General Knowledge )

**31.** 'अर्थशास्त्र' के रचयिता हैं

(A) कालिदास (B) कौटिल्य (C) हुएन–सांग (D) चंदबरदाई

Who is the writer of the book "Arthshashtra" ?

(A) Kalidas (B) Kautilya (C) Huen-tsang (D) Chandbardai

**32.** वैश्वीकरण का अर्थ है

(A) उद्योग धंधों पर नियंत्रण

(B) देश की अर्थव्यवस्था का विश्व अर्थव्यवस्था के साथ समन्वय

(C) विदेशी व्यापार पर रोक

(D) इनमें से कोई नहीं

The meaning of Globalisation is

(A) To control over industries

(B) Collaboration between national and world economy

(C) Control on foreign trade

(D) None of these

**33.** बारदोली सत्याग्रह किसके नेतृत्व में प्रारम्भ हुआ ?

(A) राम मोहन राय (B) जयप्रकाश नारायण

(C) मोहम्मद अली जिन्ना (D) बल्लभ भाई पटेल

Who led the Bardoli Satyagrah Movement ?

(A) Ram Mohan Roy (B) Jay Prakash Narayan

(C) Md. Ali Jinnah (D) Ballabh Bhai Patel

**34.** पादप में जाइलम उत्तरदायी है

(A) आक्सीजन का वहन (B) जल का वहन

(C) अमीनो अम्ल का वहन (D) भोजन का वहन

The Xylem in plant are responsible for

(A) Transport of oxygen (B) Transport of water

(C) Transport of amino acid (D) Transport of food

35. 'वन्दे मातरम्' गीत किसके द्वारा लिखा गया ?

(A) सान्याल देव
(B) बंकिम चन्द्र चटर्जी
(C) रविन्द्र नाथ टैगोर
(D) सचिन देव बर्मन

The National Song 'Vande-Mataram', written by

(A) Sanyal Dev
(B) Bankim Chandra Chatterjee
(C) Ravindra Nath Tagore
(D) Sachin Dev Barman

36. निम्न में से कौन बहुराष्ट्रीय कंपनी नहीं है ?

(A) रिलायन्स (B) कोका कोला (C) सैमसंग (D) नोकिया

Which of the following is not a multinational company ?

(A) Reliance (B) Coca cola (C) Samsung (D) Nokia

37. विम्बलडन ट्रॉफी किस देश में आयोजित किया जाता है ?

(A) भारत (B) आस्ट्रेलिया (C) फ्राँस (D) इंग्लैंड

Wimbledon Trophy is played in which country ?

(A) India (B) Australia (C) France (D) England

38. रक्तदाब नापने के यंत्र का नाम है

(A) थर्मामीटर (B) बैरोमीटर (C) क्रेस्कोग्राफ (D) स्फिग्मोमीटर

Blood pressure is measured by

(A) Thermometer (B) Barometer (C) Crescograph (D) Sphigmometer

39. बिहार का कौन-सा जिला 'चावल का कटोरा' के नाम से जाना जाता है ?

(A) रोहतास (B) किशनगंज (C) नालन्दा (D) पटना

Which district is known as 'Rice Bowl' of Bihar ?

(A) Rohtas (B) Kishanganj (C) Nalanda (D) Patna

40. किस मृदा को रेगुर मृदा भी कहा जाता है ?

(A) पर्वतीय मृदा
(B) जलोढ़ मृदा
(C) पीली मृदा
(D) काली मृदा

Which soil is also called Regur soil ?

(A) Mountain soil
(B) Alluvial soil
(C) Yellow soil
(D) Black soil

41. भारत में आपातकाल की घोषणा का अधिकार किसे होता है ?

(A) लोकसभा अध्यक्ष (B) राष्ट्रपति

(C) प्रधानमंत्री (D) मुख्यमंत्री

Who among the following has power to declare National Emergency ?

(A) Speaker of Lok Sabha (B) President

(C) Prime Minister (D) Chief Minister

42. जापान की मुद्रा है

(A) येन (B) रुपया (C) पौंड (D) डॉलर

Currency of Japan is

(A) Yen (B) Rupee (C) Pound (D) Dollar

43. GDP का पूर्ण रूप क्या है ?

(A) ग्रेट डबल पैक्ट (B) ग्रौस डोमेस्टिक प्रोडक्ट

(C) ग्रैंड डेवलपमेंट प्रोडक्ट (D) इनमें से कोई नहीं

What is the full form of GDP ?

(A) Great Double Pact (B) Gross Domestic Product

(C) Grand Development Product (D) None of these

44. निम्नलिखित में कौन अधात्विक खनिज का उदाहरण है ?

(A) अभ्रक (B) सोना (C) लोहा (D) ताँबा

Which out of the following is an example of non-metallic mineral ?

(A) Mica (B) Gold (C) Iron (D) Copper

45. चेहरा देखने के लिए सामान्यत: किस प्रकार के दर्पण का प्रयोग किया जाता है ?

(A) समतल दर्पण (B) अवतल दर्पण (C) उत्तल दर्पण (D) उपरोक्त सभी

Which type of mirror generally used for face looking ?

(A) Plane mirror (B) Concave mirror (C) Convex mirror (D) All the above

46. भारतीय संविधान लागू कब हुआ ?

(A) 20 जनवरी 1950 (B) 24 जनवरी 1950 (C) 26 जनवरी 1950 (D) 15 अगस्त 1950

When was Indian Constitution was implemented ?

(A) 20 January 1950 (B) 24 January 1950 (C) 26 January 1950 (D) 15 August 1950

47. तेलंगाना की राजधानी है

(A) कावारत्ती (B) अमरावती (C) हैदराबाद (D) दिसपुर

The capital of Telangana is

(A) Kawaratti (B) Amravati (C) Hyderabad (D) Dispur

48. 'देशबन्धु' उपनाम है

(A) चित्तरंजन दास (B) बाल गंगाधर तिलक

(C) रवीन्द्र नाथ टैगोर (D) राजेन्द्र प्रसाद

Who was called as 'Deshbandhu' ?

(A) Chittaranjan Das (B) Bal Gangadhar Tilak

(C) Ravindra Nath Tagore (D) Rajendra Prasad

49. कॉर्बेट नेशनल पार्क कहाँ अवस्थित है ?

(A) कर्नाटक (B) बिहार

(C) उत्तराखंड (D) महाराष्ट्र

Where is Corbett National Park situated ?

(A) Karnataka (B) Bihar

(C) Uttarakhand (D) Maharashtra

50. वनस्पति कौन-सा संसाधन है ?

(A) जैव (B) अजैव

(C) (A) और (B) दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

Vegetation is a type of resource

(A) Biotic (B) Abiotic

(C) Both (A) and (B) (D) None of these

51. भारत के विदेश मंत्री कौन हैं ?

(A) अमित शाह (B) डा. एस. जयशंकर

(C) पियूष गोयल (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

Who is the minister of External Affairs of India ?

(A) Amit Shah (B) Dr. S. Jayshankar

(C) Piyush Goyal (D) None of the above

52. मेघालय की राजधानी कहाँ है ?

(A) शिलाँग (B) आइज़ोल (C) गंगटोक (D) इम्फाल

Where is the capital of Meghalaya ?

(A) Shillong (B) Aizole (C) Gangtok (D) Imphal

53. दादा साहेब फालके पुरस्कार किस क्षेत्र में उपलब्धि हेतु दिया जाता है ?

(A) चिकित्सा (B) साहित्य (C) सिनेमा (D) खेल

For the achievement in which field, Dada Saheb Phalke Award is given ?

(A) Medicals (B) Literature (C) Cinema (D) Sports

54. पौधों की वृद्धि किस यंत्र से मापी जाती है ?

(A) मल्टीमीटर (B) क्रेस्कोग्राफ (C) वोल्टमीटर (D) माइक्रोमीटर

Which instrument is used to measure the growth of plant ?

(A) Multimeter (B) Crescograph (C) Voltmeter (D) Micrometer

55. नर्मदा बचाओ आंदोलन किसके विरोध में हुआ ?

(A) दामोदर घाटी बांध (B) हीराकुड बांध

(C) सरदार सरोवर बांध (D) इनमें से कोई नहीं

Narmada Bachao Andolan was held against which of the following ?

(A) Damodar Valley Dam (B) Hirakud Dam

(C) Sardar Sarowar Dam (D) None of these

56. भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान पुरस्कार होता है

(A) ज्ञानपीठ पुरस्कार
(B) भारत रत्न पुरस्कार
(C) वीर चक्र सम्मान
(D) पद्म पुरस्कार

The highest Civilian Award of India is

(A) Gyanpeeth Award
(B) Bharat Ratna Award
(C) Veer Chakra
(D) Padma Award

57. अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस किस दिन मनाया जाता है ?

(A) 22 मार्च (B) 14 जनवरी (C) 7 अप्रैल (D) 1 मई

When is the International Labour's Day celebrated ?

(A) 22 March (B) 14 January (C) 7 April (D) 1 May

58. साल 2025 में ICC विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की मेजबानी कौन-सा देश करेगा ?

(A) दक्षिण अफ्रीका (B) भारत (C) आस्ट्रेलिया (D) इंग्लैंड

ICC World Test Championship final – 2025 match will be hosted by

(A) South Africa (B) India (C) Australia (D) England

59. अपच का उपचार करने के लिए निम्नलिखित में से किस औषधि का उपयोग होता है ?

(A) प्रतिरोधी (B) प्रतिजैविक (C) पीड़ाहारी (D) एन्टासिड

Which of the following type of medicine is used for treating indigestion ?

(A) Antiseptic (B) Antibiotic (C) Analgesic (D) Antacid

60. निम्न में से कौन गैर-कृषि आधारित उद्योग है ?

(A) चीनी उद्योग (B) तम्बाकू उद्योग (C) जूट उद्योग (D) चर्म उद्योग

Which of the following is non-agro based industry ?

(A) Sugar industry (B) Tobacco industry (C) Jute industry (D) Leather industry

61. बंगाल विभाजन किस वर्ष हुआ ?

On which year, partition of Bengal held ?

(A) 1913 (B) 1885 (C) 1905 (D) 1906

62. ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल – 2028 किस देश में आयोजित होगा ?

(A) जर्मनी
(B) संयुक्त राज्य अमेरिका
(C) इंग्लैंड
(D) फ्राँस

In which country, Summer Olympic Game – 2028 will be held ?

(A) Germany
(B) United States of America
(C) England
(D) France

63. भारत के उप-राष्ट्रपति कौन हैं ?

(A) ओम बिरला
(B) मल्लिकार्जुन खड़गे
(C) जगदीप धनखड़
(D) जे. पी. नड्डा

Who is the Vice-President of India ?

(A) Om Birla
(B) Mallikarjun Kharge
(C) Jagdip Dhankhar
(D) J. P. Nadda

64. कंदरिया महादेव मंदिर कहाँ अवस्थित है ?

(A) अजमेर (B) खजुराहो (C) चित्तौरगढ़ (D) औरंगाबाद

Where is Kandariya Mahadev Temple situated ?

(A) Ajmer (B) Khajuraho (C) Chittorgarh (D) Aurangabad

65. किस खनिज को उद्योगों का जननी माना गया है ?

(A) मैंगनीज (B) सोना (C) लोहा (D) ताँबा

Which mineral is called as mother of industries ?

(A) Manganese (B) Gold (C) Iron (D) Copper

66. भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना किस वर्ष हुई ?

The Reserve Bank of India was established in the year

(A) 1935 (B) 1920 (C) 1925 (D) 1930

67. निम्नलिखित में से कार्बन का कौन–सा अपरूप विद्युत का सुचालक है ?

(A) कोयला (B) हीरा (C) ग्रेफाइट (D) उपरोक्त सभी

Which of the following allotrope of carbon is good conductor of electricity ?

(A) Coal (B) Diamond (C) Graphite (D) All the above

68. असहयोग आन्दोलन को स्थगित क्यों किया गया ?

(A) चित्तगाँव घटना
(B) काकोरी घटना के कारण
(C) चौरी–चौरा घटना
(D) जालियाँवाला बाग हत्याकांड

Why was Non-cooperation Movement called off ?

(A) Chitgaon case
(B) Due to Kakori case
(C) Chauri-Chaura incident
(D) Jalianwala Bagh massacre

69. पंचायत समिति का पदेन सचिव होता है

(A) न्याय सचिव
(B) प्रखंड विकास पदाधिकारी
(C) जिला शिक्षा पदाधिकारी
(D) इनमें से कोई नहीं

The Ex-officio secretary of Panchayat Samiti is

(A) Nyay Sachiv
(B) Block Development Officer
(C) District Education Officer
(D) None of these

70. प्रथम पंचवर्षीय योजना का कार्य वर्ष था

The period for First Five Year Plan was

(A) 1952 – 1957 (B) 1947 – 1952 (C) 1950 – 1955 (D) 1951 – 1956

## भाग – III
## Part – III
## ( सामान्य हिन्दी )
## ( General Hindi )

71. चौमासा कौन–सा समास है ?

(A) बहुव्रीहि समास (B) कर्मधारय समास (C) द्विगु समास (D) तत्पुरुष समास

72. निम्न में कौन–सा तद्भव शब्द है ?

(A) आम्र (B) आमलक (C) आँवला (D) आश्रम

73. निम्न में कौन–सा संज्ञा शब्द है ?

(A) मुद्रण (B) जाँचना
(C) मूर्ख (D) घटना

74. लोटा डोरी कौन–सा समास है ?

(A) कर्मधारय समास (B) द्वन्द्व समास
(C) द्विगु समास (D) बहुव्रीहि समास

75. देव्यर्थ का संधि विच्छेद है

(A) देवी + व्यर्थ (B) देव + व्यर्थ (C) देव + यर्थ (D) देवी + अर्थ

76. अशुद्ध शब्द को चिह्नित करें ।

(A) विषवस्त (B) विषय
(C) विश्वस्त (D) विश्व

77. जुलूस शब्द संज्ञा का कौन–सा प्रकार है ?

(A) भाववाचक (B) व्यक्तिवाचक
(C) समूहवाचक (D) जातिवाचक

78. शुद्ध शब्द को चिह्नित करें ।

(A) बुर्जुग (B) बुजूर्ग (C) बूजूर्ग (D) बुजुर्ग

79. गणेश शब्द का पर्यायवाची शब्द नहीं है

(A) गणपति (B) गज (C) गजानन (D) गजवदन

80. विशेषण शब्द को चिह्नित करें ।

(A) रेल (B) मधुर (C) पटना (D) सड़क

81. बेशर्म कौन-सा समास है ?

(A) द्वन्द्व समास (B) अव्ययीभाव समास

(C) कर्मधारय समास (D) नञ् समास

82. 'जो अक्षर जानता है', को क्या कहते हैं ?

(A) पठनीय (B) निरक्षर (C) ज्ञानी (D) साक्षर

83. 'मुख्य' शब्द का विलोम है

(A) गौण (B) प्रथम (C) प्रधान (D) गुण

84. निम्न में कौन-सा तत्सम शब्द है ?

(A) अमोल (B) आसरा (C) अमूल्य (D) अगम

85. क्रिया शब्द को चुनें ।

(A) शतक (B) खोजना

(C) विभक्त (D) वृद्धता

86. गुरु नानक का जन्म कब हुआ था ?

(A) 1469 ई. (B) 1269 ई. (C) 1369 ई. (D) 1569 ई.

87. वीरेन डंगवाल की कविता है

(A) स्वदेशी (B) हमारी नींद

(C) अक्षर-ज्ञान (D) भारतमाता

88. ‘नौकर की कमीज’ के उपन्यासकार हैं

(A) जैनेंद्र

(B) विनोद कुमार शुक्ल

(C) अमरकांत

(D) प्रेमचंद

89. ‘जनतंत्र का जन्म’ किसकी रचना है ?

(A) प्रेमधन

(B) कुँवर नारायण

(C) दिनकर

(D) पंत

90. मैक्स मूलर का जन्म किस वर्ष हुआ ?

(A) 1830 ई. में

(B) 1825 ई. में

(C) 1823 ई. में

(D) 1827 ई. में

91. घनानंद किस भाषा में कविता करते थे ?

(A) मगही

(B) भोजपुरी

(C) अवधी

(D) ब्रज

92. ‘विष के दाँत’ के कहानीकार कौन हैं ?

(A) विनोद कुमार शुक्ल

(B) नलिन विलोचन शर्मा

(C) अमरकांत

(D) गुणाकर मूले

93. ‘सुजान’ से कौन प्रेम करते थे ?

(A) आलम (B) रसखान (C) बिहारी (D) घनानंद

94. ‘बिस्मिल्ला खाँ’ का संबंध किस वाद्य यंत्र से था ?

(A) बांसुरी (B) तबला (C) सरोद (D) शहनाई

95. अशोक वाजपेयी का जन्म कहाँ हुआ था ?

(A) दिल्ली (B) उत्तर प्रदेश (C) बिहार (D) छत्तीसगढ़

**निर्देश (प्र.सं. 96 से 100 तक):** नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर बहुविकल्पी प्रश्न में से किसी **एक** सही विकल्प का चयन करें ।

## गद्यांश

आपको यह ध्यान में रखना चाहिए कि प्रारंभिक शिक्षा में सफाई, तन्दुरुस्ती, भोजनशास्त्र, अपना काम आप करने और घर पर माता–पिता को मदद देने वगैरह के मूल सिद्धान्त शामिल हों । मौजूदा पीढ़ी के लड़कों को स्वच्छता और स्वावलंबन का कोई ज्ञान नहीं होता और वे शरीर से कमजोर होते हैं । इसलिए मैं संगीतमय कवायद के जरिए उनको अनिवार्य शारीरिक तालीम दिला पाऊँगा ।

**96.** मौजूदा पीढ़ी के लड़कों में ज्ञान नहीं होता है

(A) संगीत का
(B) स्वावलंबन का
(C) विज्ञान का
(D) खेल का

**97.** किस अनिवार्य तालीम की बात गद्यांश में की जा रही है ?

(A) शारीरिक
(B) आध्यात्मिक
(C) मानसिक
(D) वैज्ञानिक

**98.** उपरोक्त गद्यांश में किस शिक्षा की बात कही गयी है ?

(A) अनिवार्य शिक्षा
(B) प्रौढ़ शिक्षा
(C) प्रारंभिक शिक्षा
(D) व्यस्क शिक्षा

**99.** घर पर किसकी मदद की बात कही गयी है ?

(A) चाचा–चाची
(B) भाई–बहन
(C) पास–पड़ोस
(D) माता–पिता

**100.** बच्चों के प्रारंभिक शिक्षा के मूल सिद्धान्त क्या नहीं है ?

(A) तन्दुरुस्ती
(B) संगीत
(C) सफाई
(D) भोजनशास्त्र